an>

Title: Regarding bad condition of National Highway Nos. 28B and 29A in Bihar.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपके द्वारा मुझे समय दिए जाने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

महोदया, मैं इस विÂषय को बहुत दुख के साथ उठा रहा हूं। इस सरकार में सबसे अच्छे कार्य करने वाले मंत्रालयों में से एक है, सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, लेकिन मेरे लोक सभा क्षेत्र में पता नहीं क्या कारण हैं कि एकमात्र सड़क, जो काठमांडू को दिल्ली से जोड़ती है और कोलकाता को दिल्ली से जोड़ती है, इसका 80 किलोमीटर इलाका मेरे लोक सभा क्षेत्र में पड़ता है। मैंने जब से जन्म लिया, तब से आज तक एनएच 28-ए, जो पहले लोकल सड़क थी, वह पहले कभी टूटी हुई नहीं थी। इस सड़क को वर्ष 2014 के अप्रैल मास में पूरा होना था। दूसरा एनएच 28-बी है। इसे भी अप्रैल, 2014 में पूरा होना था, जो रक्सौल को ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर से जोड़ती है। इस सड़क की पिछले दो सालों में केवल 8 प्रतिशत प्रगति हुई है। इस हिसाब से इसका काम पूरा होने में 12 साल लग जाएंगे।

महोदया, यदि किसी कबाड़ी को कबाड़ ढूंढ़ना हो, तो उसे कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। अगर वह इस सड़क पर चला जाए, तो उसे बहुत कबाड़ मिल जाएगा। उस सड़क पर इतने सारे ट्रक टूटे हुए मिलेंगे...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मुझे अपनी बात पूरी कर लेने दीजिए। पूरे रोड पर केवल मिट्टी का वर्क हो गया है और पिच रोड अभी तक नहीं बनी है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से मांग है कि सड़क एवं परिवहन मंत्रालय इस पर ध्यान दे और शीघ्र इस रोड़ को बनवाए।

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Dr. Sanjay Jaiswal.